भारत टेक्स 2024

[स्रोत: पी.आई.बी.]

प्रधानमंत्री के 5F विज़न से प्रेरित भारत में सबसे बड़ा वैश्विक वस्त्र कार्यक्रम भारत टेक्स- 2024 भारत मंडपम, नई दिल्ली में संपन्न हुआ।

- **'5F' फॉर्मूला** में फार्म टू फाइबर; फाइबर टू फैक्ट्री; फैक्ट्री टू फैशन; फैशन टू फॉरेन शामिल हैं।
- यह कार्यक्रम 11 वस्त्र निर्यात संवर्द्धन परिषदों के एक संघ द्वारा आयोजित किया गया था और वस्त्र मंत्रालय द्वारा समर्थित था।
- कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक सहित अग्रणी वस्त्र प्रदेशों ने समर्पित मंडपों के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया।
- भारत टेक्स ने **'इनोवेटिव बिज़िनेस प्रैक्टिस एंड इकोनॉमिक मॉडल इन द टेक्सटाइल वैल्यू चेन इन इंडिया' (IndiaTex)** और **टेक्सटाइल ग्रैंड इनोवेशन चैलेंज** जैसी पहल के लिये लॉन्चपैड के रूप में काम किया, जिसका लक्ष्य वस्त्र उद्योग में नवाचार तथा स्थिरता को बढ़ावा देना है।
  - इंडियाटेक्स एक चार-वर्षीय **संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम** परियोजना है जिसका उद्देश्य **भारतीय वस्त्र क्षेत्र को सर्कुलरिटी की ओर ले जाने में** तेज़ी लाना है।
- शैक्षणिक सहयोग, अनुसंधान, उत्पाद विकास और बाज़ार लिंकेज सहित विभिन्न डोमेन में कई **समझौता ज्ञापनों (MoU)** पर हस्ताक्षर किये गए।

और पढ़ें: पीएम मित्र योजना और वस्त्र क्षेत्र

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bharat-tex-2024